प्रेस नोट – थाना निगोही
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक : 16.02.2026

“थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण करने वाले अभियुक्त को मय अवैध असलहा, कारतूस,शस्त्र निर्माण उपकरण मय फैक्ट्री सहित किया गिरफ्तार”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान अपराध की रोकथाम, रोकथाम निर्माण/बिक्री अवैध शस्त्र/शराब आदि के क्रम में थाना निगोही पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 16.02.2026 को थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम मिलकिया के बाहर कच्चे रास्ते पर बने खंडहर के मकान के बरामदे से संतोष पुत्र रामलाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम भटपुरा मिश्र थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर को तमंचा बनाते हुए समय प्रातः 01.56 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर,02 जिन्दे कारतूस व 05 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अदद तमंचे 12 बोर एवं 03 नाल 315 बोर की तथा तमंचे बनाने के उपकरण बरामद हुए। बरामदगी व पूछताछ के आधार पर 1.संतोष 2.सोनू उर्फ सोनपाल 3.सुखपाल पुत्रगण रामलाल निवासीगण भटपुरा मिश्र थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। वांछित अभियुक्तगण 1. सोनू उर्फ सोनपाल पुत्र रामलाल 2. सुखपाल पुत्र रामलाल उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त को बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

संतोष पुत्र रामलाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम भटपुरा मिश्र थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

ग्राम मिलकिया के बाहर कच्चे रास्ते पर बने खंडहर के मकान का बरामदा, दिनांक 16.02.2026 समय प्रातः 01.56 बजे

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0 0077/2026 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 0077/2026 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

बरामदगी विवरणः-

- 03 अवैध तमंचे 315 बोर व 02 तमंचे 12 बोर,
- 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 05 खोखा कारतूस 315 बोर,
- 01 छोटी व 01 बड़ी ड्रिल मशीन,
- 01 छोटी व 01 बड़ी शिकंजा मशीन,
- 01 छोटी व 01 बड़ी हथौड़ी,
- 02 प्लास व 02 सूजे,
- 03 आरी के ब्लेड व 01 लोहा काटने की आरी,

- 04 रेती, 01 हैंडिलनुमा रेती व 01 गोलनुमा रेती,
- 01 पंखा व 01 सण्डासी व 01 रेगमार
- 03 छोटी स्प्रिंग व 01 बड़ी स्प्रिंग
- 01 रॉड व 01 नाल साफ करने की रॉड
- 01 फूंकनी व 01 पेचकस व 01 चाबी/रिंच
- 01 प्लास्टिक की पैमाना
- 01 लकड़ी का गट्टा, 01 प्लास्टिक का गट्टा व 01 लोहे का गट्टा
- 01 प्लास्टिक के डिब्बे में लोहे के पेंच
- एक कट्टे में लगभग 02 किलोग्राम कोयला
- 01 टार्च
- 01 वीवो कंपनी का मोबाइल फोन

पूछताछ विवरणः-

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं तथा मेरे भाई सोनू उर्फ सोनपाल और सुखपाल तीनों मिलकर 315 बोर व 12 बोर के देशी तमंचे बनाते हैं। मेरा भाई सुखपाल जनपद संभल और मुरादाबाद में इन शस्त्रों की सप्लाई करता है। आज भी हम तीनों भाई मिलकर तमंचे बना रहे थे। मेरे दोनों भाई सोनू उर्फ सोनपाल और सुखपाल कुछ देर पहले तमंचा बनाने का सामान लेने गए थे, तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। अभियुक्त ने यह भी बताया कि तैयार किए गए तमंचों को हम आगामी पंचायत चुनाव में बेचने की तैयारी कर रहे थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.व0उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
2.उ0नि0 पंकज कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
3.उ0नि0 ऋषिपाल सिंह थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
4.का0 2324 मोहित भाटी थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
5.का0 2762 मोहित शाक्य थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
6.का0 2139 विनीत कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
7.का0 2539 कुलदीप कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर